| तापमान | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 31.6° | 16.0° |
| इंदौर | 31.7° | 15.6° |
| जबलपुर | 31.0° | 15.2° |
| ग्वालियर | 25.8° | 13.5° |

# दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल: वर्ष 39 अंक 91,पृष्ठ 12)
गुरुवार 29 फरवरी 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये




**राजधानी...** एम्स और आरसीआईएल ने साझेदारी के...


**खेल...** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट में बुमराह की होगी ...


**व्यापार...** एक अप्रैल से बदलेगा नेशनल पेंशन सिस्टम...


**देश-विदेश...** राष्ट्रपति दावेदारी के लिए डेमोक्रेट नेताओं की पसंद...


www.naiduniaonline.com

# द्रमुक, कांग्रेस को लोस चुनाव में सबक सिखाएगी तमिलनाडु की जनता : मोदी

तिरुनेलवेली (एजेंसी)।

**आगामी लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु मे चुनावी बिगुल बजाते हुए प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्य में सत्तारुढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम ( द्रमुक ) और उसके प्रमुख सहयोगी दल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अगले आम चुनाव में प्रदेश की जनता दोनों पार्टियों को सबक सिखायेगी।**

तमिलनाडु की दो दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में श्री मोदी ने तिरुनेलवेली के पलायमकोट्टई में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की जनता स्वार्थ के साथ काम करने वाली द्रमुक को चुनाव में खारिज कर देगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार राज्य में किसी भी केंद्रीय योजना को लाने के का विरोध करती रही है जबकि केंद्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार प्रदेश के प्रति पक्षपाती नहीं है। द्रमुक और कांग्रेस पर देश को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इन दोनों पार्टियों को हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद अगर हम ढूंढ़ें भी, तो द्रमुक नहीं मिल पायेगा। उन्होंने राज्य की द्रमुक सरकार पर केंद्र को कोई सहयोग नहीं देने और सभी कल्याणकारी योजनाओं को विफल करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडिया समूह जन कल्याण योजनाओं को विफल करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमने हिंदी भाषी राज्य से एल. मुरुगन को सांसद बनाया है और तमिलनाडु से दलित समुदाय के एक व्यक्ति को केंद्रीय मंत्री बनाया ( शेष पेज 2 पर )




## इसरो के दूसरे स्पेसपोर्ट की रखी आधारशिला

वहीं, चेन्नई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करते हुए बुधवार को थूथुकुडी जिले के कुलसेकरपट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दूसरे स्पेसपोर्ट की आधारशिला रखी। श्री मोदी ने थूथुकुडी में वीओसी पोर्ट पर एक कार्यक्रम में विभिन्न नयी सुविधाओं की आधारशिला भी रखी। इसरो ने बताया कि दूसरे स्पेसपोर्ट का उपयोग विशेष रूप से केवल छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) मिशनों को लॉन्च करने के लिए किया जाएगा ताकि उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में रखा जा सके। यह देश के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयास को भौगोलिक लाभ प्रदान करेगा। श्रीहरिकोटा का स्पेसपोर्ट पीएसएलवी, जीएसएलवी, एलएमवी-3 और अन्य मिशनों समेत सभी रॉकेट लॉन्च मिशनों के लिए प्राथमिक केंद्र बना रहेगा। शार रेंज में दो लॉन्च पैड हैं। दूसरा रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र लगभग 2,233 एकड़ क्षेत्र में लगभग 950 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और यह देश की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक नये युग की शुरुआत करेगा। कुलसेकरपट्टिनम स्पेसपोर्ट का रणनीतिक महत्व यह होगा कि यह उपग्रह प्रक्षेपण के दौरान ईंधन की खपत को कम करेगा। श्रीहरिकोटा से लॉन्च के लिए दक्षिणपूर्व प्रक्षेपवक्र की आवश्यकता होती है, इसके विपरीत कुलसेकरपट्टिनम से उपग्रहों का प्रक्षेपण सीधे दक्षिण दिशा की ओर से संभव होगा, जिसके परिणामस्वरूप ईंधन का संरक्षण होगा। कुलसेकरपट्टिनम में निजी क्षेत्र द्वारा विकसित किया जा रहा दूसरा स्पेसपोर्ट विशेष रूप से एसएसएलवी के लिए समर्पित होगा और यह लगभग दो वर्षों में पूरी तरह तैयार हो जायेगा। यह थूथुकुडी जिले में एक पूर्ण प्रक्षेपण केंद्र होगा जो एसएसएलवी लॉन्च के लिए समर्पित होगा। इस लॉन्च पैड का उपयोग केवल निजी क्षेत्र द्वारा किया जाएगा क्योंकि यहां से इसरो के रॉकेट लॉन्च नहीं होंगे। एसएसएलवी को पूरी तरह निजी क्षेत्र को सौंप दिया जायेगा। एसएसएलवी 3-चरणों वाला प्रक्षेपण यान है जो 500 किलोमीटर की समतलीय कक्षा में लगभग 500 किलोग्राम वजनी उपग्रहों को लॉन्च करने में सक्षम है।

प्रधानमंत्री विकसित भारत, विकसित मध्यप्रदेश कार्यक्रम को वर्चुअल करेंगे संबोधित

# प्रदेश में 16,961 करोड़ की विकास परियोजनाओं शिलान्यास आज

**भोपाल ( काप्र )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत विकसित मध्य प्रदेश कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।**



प्रधानमंत्री मध्यप्रदेश में 16,961 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें सिंचाई, बिजली, सड़क, रेल, जल आपूर्ति, कोयला, उद्योग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री मध्यप्रदेश में साइबर तहसील परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। वे उज्जैन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण करेंगे। मध्यप्रदेश में 5500 करोड़ रुपये से ज्यादा की सिंचाई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसनिया बहुउद्देशीय परियोजना शामिल हैं। इन परियोजनाओं से डिंडोरी, अनुपपुर और मंडला जिलों में 75 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि सिंचित होगी। इस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बढ़ेगी और पेयजल संकट भी खत्म होगा।

प्रधानमंत्री राज्य में 800 करोड़ से अधिक की दो छोटी सिंचाई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें पारसडोह सूक्ष्म सिंचाई परियोजना और औलिया सूक्ष्म सिंचाई परियोजना शामिल हैं। ये सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं बैतूल और खंडवा जिलों में 26 हजार हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में सिंचाई करेंगी।

प्रधानमंत्री 2200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित तीन रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं में वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - जखलौन एवं धौरा - आगासोड मार्ग पर तीसरी लाइन की परियोजना; न्यू सुमावली-जोरा अलापुर रेलवे लाइन में गॉज परिवर्तन परियोजना; और पोवारखेड़ा-जुझारपुर रेल लाइन फ्लाईओवर की परियोजना शामिल हैं। ये परियोजनाएं रेल कनेक्टिविटी बढ़ायेगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देंगी।

मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री लगभग 1000 करोड़ रुपये की औद्योगिक परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। इन परियोजनाओं में रतलाम में बड़ा औद्योगिक पार्क, मुरैना जिले के सीतापुर में मेगा चमड़ा, जूते एवं सहायक उपकरण केंद्र, इंदौर में परिधान उद्योग के लिए प्लग एंड प्ले पार्क, औद्योगिक पार्क मंदसौर (जग्गाखेड़ी चरण-2) और धार जिले में औद्योगिक पार्क पीथमपुर का उन्नयन ( शेष पेज 2 पर )

## विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का भी करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को लाल परेड ग्राउंड भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से उज्जैन मे स्थापित होने वाले विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का उद्घाटन करेंगे। भारतीय कालगणना विश्व की प्राचीनतम, सूक्ष्म, शुद्ध, त्रुटिरहित, प्रामाणिक एवं विश्वसनीय पद्धति है। काल/परिमाण की इस सर्वाधिक विश्वसनीय पद्धति का पुर्नस्थापित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के रूप में उज्जैन में प्रारंभ किया जा रहा है। उज्जयिनी की स्थापना सृष्टि के आरंभ से ही मान्य की जाती रही है। दुनियाभर में उज्जयिनी से निर्धारित और प्रसारित कालगणना नियामक रही है। भारतीय खगोल सिद्धांत और ब्रम्हाण्ड के ग्रह नक्षत्रों की गति पर आधारित भारतीय काल गणना में समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश किया जाता है। इसकी गणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। मुहूर्त, घटी, पल, कास्ता, प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन, सम्वत्सर, दिव्यवर्ष, मन्वन्तर, युग, कल्प, ब्रम्हा मुख्य आधार है। हमारे द्रष्टा ऋषियों ने काल की चक्रीय अवधारणा को प्रतिपादित किया है जिसमें सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग की व्यवस्था निरंतर है और यह चक्र शाश्वत रूप से आते-जाते हैं तथा इनकी आवृत्ति-पुनरावृत्ति होती रहती है।

## खास-खबरें

### सोरेन की याचिका खारिज, बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं

**रांची ( एजेंसी )।** झारखंड में जमीन घोटाला मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में आज झारखंड उच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की एकल पीठ ने हेमंत सोरेन की याचिका को खारिज करते हुए बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी। इस मामले में सोमवार को दोनों पक्षों की सुनाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअल मोड में पक्ष रखा था।वहीं वर्चुअल मोड में सुनवाई में ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू ने पक्ष रखा था।

### कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुभेंदु को दी संदेशखाली जाने की अनुमति

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने कहा कि उन्हें उत्तर 24 परगना के अशांत इलाकों में लागू प्रतिबंधों का पालन करना चाहिए, धारा 144 दो सप्ताह से अधिक समय से लागू है। न्यायमूर्ति कौशिक चंदा की एकल पीठ ने भाजपा नेता की ताजा याचिका पर विचार के बाद कहा कि विपक्ष के नेता अधिकारी और भाजपा विधायक शंकर घोष को कल केवल दो इलाकों जेलियाखलिया और हलदरपारा का दौरा करने की अनुमति दी गयी है।

# मोदी ने जारी की किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त

यवतमाल (एजेंसी)।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के यवतमाल में अपनी यात्रा के दौरान 9 करोड़ से अधिक किसानों को 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि ( पीएम-किसान ) योजना की 16 वीं किस्त जारी की।**

राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाती है। पीएम किसान वेबसाइट के अनुसार किसान पंजीकृत किसानों के लिए ईकेवाईसी अनिवार्य है। ओटीपी आधारित ईकेवाईसी पीएमकिसान पोर्टल पर उपलब्ध है या बायोमेट्रिक आधारित ईकेवाईसी के लिए निकटतम सीएससी केंद्रों ( शेष पेज 2 पर )

### *प्रदेश के 79.51 लाख किसानों को 1787.12 करोड़ वितरित*

***भोपाल।*** *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के यवतमाल से वर्चुअली पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त जारी की। मध्यप्रदेश के 79.51 लाख किसानों को 1787.12 करोड़ की राशि वितरित की गई। अभी तक 16वीं किश्त मिलाकर राशि रुपये 23657 करोड़ का वितरण प्रदेश के किसान परिवारों को दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16वीं किश्त के वितरण कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित हुए। उन्होंने लाभान्वित किसान परिवारों को शुभकामनाएँ दीं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में प्रदेश की जनसंख्या के मान से हितग्राही पंजीयन संख्या अनुसार प्रदेश का देश में दूसरा स्थान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार राजस्व अभियान में सभी जिलों द्वारा बेहतर कार्य किया गया है। इसके फलस्वरूप अधिक से अधिक पीएम किसान हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल रहा है। शेष हितग्राहियों द्वारा ई-केवाईसी एवं आधार/बैंक खाता लिंक करने की कार्यवाही पूर्ण करने के बाद योजना का लाभ दिया जायेगा। प्रदेश के सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिये जाने का लक्ष्य है।*

# विपक्ष के नेता समेत 15 भाजपा विधायक बजट सत्र की कार्यवाही से निलंबित

**शिमला ( एजेंसी )। विपक्षी भाजपा के 15 सदस्यों को बजट सत्र के शेष सत्र के लिए हिमाचल प्रदेश विधानसभा से बुधवार को निलंबित कर दिया गया।**

विधानसभा सत्र के लिए आज जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्द्धन चौहान ने अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के साथ बैठक के दौरान सदस्यों के कथित कदाचार के लिए निलंबन का प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव को सदन ने ध्वनि मत से मंजूरी दे दी, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने इसका जमकर विरोध किया। निलंबित विपक्षी सदस्यों सीट नहीं छोड़ने के कारण अध्यक्ष को व्यवस्था बहाल होने तक सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। भाजपा के निलंबित सदस्यों में जय राम ठाकुर, विपिन सिंह परमार, रणधीर शर्मा, लोकिन्दर कुमार, विनोद कुमार, हंसराज, जनक, वलवीर वर्मा, त्रिलोक जमवाल, सुरिंदर शोरी, दीप राज, पूरन चन्द्र, इन्द्र सिंह गांधी, दलीप ठाकुर और रणवीर सिंह शामिल हैं। इससे पहले आज सुबह लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य ने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा देने की घोषणा की।

**जल्द बनेगी बीजेपी की सरकारः** हिमाचल प्रदेश में हुए राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को हरा दिया। बीजेपी के उम्मीदवार हर्ष महाजन चुनाव जीत गए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कार्यों से कांग्रेस पार्टी के विधायक नाराज चल रहे थे। मेरी इन विधायकों के साथ अच्छे रिश्ते रहे जिस कारण भी उन्होंने मुझे वोट दिया।

# देश को नशा मुक्त बनाना भाजपा सरकार की प्रतिबद्धताः शाह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता है। श्री शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा एक संयुक्त अभियान में तीन हजार किलो मादक पदार्थ जब्त किए जाने पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नशा मुक्त भारत के सपने को आगे बढ़ाते हुए हमारी एजेंसियों ने आज देश में विदेशों से लाई गई मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एन सी बी, नौसेना और गुजरात पुलिस के संयुक्त अभियान में 3132 किलोग्राम ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की गई। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस सफलता के लिए एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई भी दी ।



## असम और बंगाल में कांग्रेस नेताओं ने छोड़ी पार्टी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक के बाद एक बड़े झटके लगते जा रहे हैं। असम के बाद पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। कलकत्ता हाई कोर्ट के वकील और कांग्रेस नेता कौस्तव बागची ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के जरिए इसकी घोषणा की। कौस्तव बागची ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी, गुलाम अहमद मीर को चिट्ठी लिखकर भेजा है। अटकलें लगाई जा रही है कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले बागची भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) में शामिल हो सकते हैं।

# कांग्रेस का डीएनए भारत विरोधी : भाजपा

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कर्नाटक में कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार नासिर हुसैन की जीत के जश्न में कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस का डीएनए भारत विरोधी हो गया है और कांग्रेस के डीएनए में आज पाकिस्तान है और ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी में जो करंट आता है, वह भी पाकिस्तान के ही जनरेटर से आता है।**



भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार नासिर हुसैन की जीत के जश्न में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे, यह बेहद ही चिंताजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और भारत के लोकतंत्र का अपमान है। भारत का लोकतंत्र जीतता है तो कांग्रेस को पाक की याद आती है। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की सलाह देते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगने की भी मांग की। राहुल भारत तेरे टुकड़े होंगे की बात कहने वालों के साथ खड़े हो चुके हैं। सोनिया और खड़गे द्वारा इसकी निंदा नहीं करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि यही कांग्रेस की मानसिकता है।

# अखिलेश को सीबीआई का समन बतौर गवाह होना होगा पेश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अवैध खनन मामले में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई ने समन भेजा है। 160 सीआरपीसी के तहत समन भेजा गया है। यह मामला अवैध खनन से जुड़ा है जब 2012 से 2016 के बीच अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे। इस मामले में सीबीआई ने 29 फरवरी को गवाह के तौर पर अखिलेश यादव को बुलाया है और समन भेजा है। यह आरोप लगाया गया था कि लोक सेवकों ने अन्य आरोपियों के साथ आपराधिक साजिश में 2012-2016 की अवधि के दौरान जिला हमीरपुर (यूपी) में लघु खनिजों के अवैध खनन की अनुमति दी। आगे आरोप लगाया गया कि उन्होंने अवैध रूप से रेत के खनन के लिए नए पट्टे दिए, मौजूदा पट्टों का नवीनीकरण किया और मौजूदा पट्टाधारकों को बाधित अवधि की अनुमति दी और इस तरह सरकारी खजाने को गलत नुकसान पहुंचाया और खुद को अनुचित लाभ पहुंचाया।


**स्पेशल खबर** *सत्ता का आनंद लेने के लिए नहीं मांग रहे तीसरा कार्यकाल...*

# *हम जो कहते हैं, वो करते हैंः राजनाथ*

सीतामढ़ी (एजेंसी)।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज बिहार के दौरे पर हैं। बिहार के दरभंगा और सीतामढ़ी में उन्होंने अलग-अलग सभाओं को संबोधित किया।**

दरभंगा में उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री को मौका दीजिए, तीसरा ही नहीं चौथा कार्यकाल भी देने का संकल्प लीजिए, हम गरीबी और बेरोजगारी का संकट खत्म कर देंगे। हमारा चरित्र है कि हम जो कहते हैं, वो करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता का आनंद लेने के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए तीसरा कार्यकाल मांग रहे हैं। पीएम मोदी से पहले हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी लेकिन हमारी सरकार की नीतियों के कारण देश अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।



राजनाथ ने कहा कि अभी आपने देखा होगा कि जिन भारतीय पूर्व नौसैनिकों को कतर की अदालत में फाँसी को सजा सुनाई गई थी। उस समय प्रधानमंत्रीजी ने बात करके उनकी फाँसी की सजा माफ़ कराई। यह है हमारा भारत। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न हम लोगों ने दिया। कांग्रेस के समय में उनकी उपेक्षा हुई। उनके समय में एक परिवार को ही यह सब मिलता था। हमारे प्रधानमंत्री जी ने पी वी नरसिम्हाराव जी को भी भारत रत्न दिया, जो कांग्रेस के नेता थे। हमने उनके योगदान

# अमेठी के बाद वायनाड को भी छोड़ सकते हैं राहुल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल की अपनी वायनाड संसदीय सीट छोड़ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, गांधी आगामी लोकसभा चुनाव में दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे, एक कर्नाटक या तेलंगाना से और एक उत्तर प्रदेश से। ताजा घटनाक्रम केरल में सीट-बंटवारे की बातचीत के बीच आया है, जहां इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग कांग्रेस पर इस बार 2 के बजाय 3 सीटें देने का दबाव बना रही है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग वायनाड से चुनाव लड़ना चाहती है क्योंकि उसके अधिकांश मतदाता मुस्लिम समुदाय से हैं। इसके अलावा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने पार्टी के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा को वायनाड से मैदान में उतारा है। यह इंडिया गठबंधन के लिए अच्छा नहीं लगेगा कि एक प्रमुख नेता की पत्नी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी।